**खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026: फिगर स्केटिंग में दो स्वर्ण के साथ हरियाणा शीर्ष पर, केरल और उत्तराखंड को एक-एक स्वर्ण**

* खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के पहले चार स्वर्ण पदकों का फैसला एनडीएस स्टेडियम में हुआ, सभी पदक फिगर स्केटिंग में मिले, जिसने इस बार पदार्पण किया

* आइस हॉकी के रोमांचक ग्रुप लीग मुकाबले में लद्दाख ने आईटीबीपी को 3-1 से हराया

लेह (लद्दाख), 21 जनवरी: खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के पहले स्वर्ण पदकों का फैसला बुधवार को यहां नवांग दोरजे स्टोबदान (एनडीएस) स्टेडियम में हुआ। कुल चार स्वर्ण पदक तय हुए और सभी फिगर स्केटिंग स्पर्धा से आए। इनमें से हरियाणा ने दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि उत्तराखंड और केरल ने एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा कुल पांच पदकों (दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है।

फिगर स्केटिंग ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के लद्दाख चरण में पहली बार प्रवेश किया। अपनी गरिमा और संतुलन के लिए प्रसिद्ध यह ओलंपिक खेल दो वर्गों-नोविस फ्री स्केटिंग और एडवांस्ड शॉर्ट प्रोग्राम-में आयोजित किया गया, जिसमें पांच राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 20 स्केटरों ने हिस्सा लिया। पहला स्वर्ण हरियाणा की हिया अदलखा ने जीता, जबकि लद्दाख की स्टांजिन खांडो और तेंजिन कुंज़िन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

https://www.instagram.com/p/DTxYjyNASIF/?igsh=MXFkdTJtNnl4YmY0OA==

15 वर्षीय हिया का पालन-पोषण खेल प्रेमी परिवार में हुआ। उनकी मां अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स जज हैं। हिया ने फिगर स्केटिंग जैसे कठिन और अक्सर एकाकी खेल को चुना। सीमित कोचिंग संसाधनों के कारण उन्हें कई बार अकेले अभ्यास करना पड़ा। हिया का चयन ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के चीन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ और उन्होंने 2025 में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक भी जीता। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरमीडिएट नोविस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाली हिया का लक्ष्य वर्ल्ड कप और ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

फिगर स्केटिंग में प्रदर्शन का मूल्यांकन तीन मानकों-कंपोज़िशन, प्रेज़ेंटेशन और स्केटिंग स्किल्स-के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में ताइपे से आए एक रेफरी और एक तकनीकी नियंत्रक शामिल थे। खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन लद्दाख के युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के सहयोग से किया जा रहा है, जबकि तकनीकी संचालन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय खेल महासंघों के पास है।

नोविस बॉयज़ वर्ग में उत्तराखंड के आदर्श सिंह रावत ने स्वर्ण पदक जीता, लेकिन सबसे अधिक प्रतीक्षित मुकाबले एडवांस्ड बॉयज़ और गर्ल्स वर्ग के रहे। हरियाणा की गौरी राय (नीले-फिरोज़ी रंग की पोशाक में) ने एडवांस्ड गर्ल्स शॉर्ट प्रोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। हालांकि तकनीकी गुणवत्ता के लिहाज से केरल के अभिजीत अमल राज तीनों पहलुओं में अन्य सभी स्केटरों से बेहतर रहे। एडवांस्ड बॉयज़ वर्ग में कुल नौ प्रतियोगी शामिल थे।

गुरुग्राम स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा गौरी राय ने लेह के एनडीएस स्टेडियम में अपने अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया। उनके नाम 10 राष्ट्रीय पदक हैं और वह भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

https://www.instagram.com/reel/DTxGR0egdzT/?igsh=djhmaGU1ZWducWNj

गौरी ने साई मीडिया से कहा, "यह स्वर्ण पदक मेरे लिए सिर्फ जीत नहीं है, बल्कि वर्षों के अनुशासन, सुबह-सुबह की मेहनत,

बर्फ पर गिरने और कभी हार न मानने का इनाम है। हर प्रतियोगिता मुझे कुछ नया सिखाती है और यह जीत मुझे अपने देश के लिए और कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देती है।"

उन्होंने आगे कहा, "जब मैं बर्फ पर होती हूं तो खुद को निडर और मुक्त महसूस करती हूं। मेरा सपना है कि मैं दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करूं और युवा लड़कियों को यह विश्वास दिला सकूं कि समर्पण से सबसे ठंडी बर्फ भी सपनों को हकीकत में बदल सकती है।"

युवा स्केटरों को संदेश देते हुए गौरी ने कहा, "खुद पर विश्वास रखें, अपने कोच और माता-पिता का सम्मान करें और लक्ष्य पर केंद्रित रहें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो धैर्यवान, निरंतर और अपनी मेहनत के प्रति ईमानदार होते हैं।"

लद्दाख का लोकप्रिय खेल आइस हॉकी भी दर्शकों की भारी और उत्साही मौजूदगी के साथ जारी रहा। पुरुषों के ग्रुप-बी मुकाबले में लद्दाख और आईटीबीपी के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिसमें मेजबान लद्दाख ने 3–1 से जीत दर्ज की। मुकाबले में शारीरिक टकराव भरपूर रहा। स्टांजिन अंगछोल ने पहले ही मिनट में गोल कर लद्दाख को बढ़त दिलाई।

दूसरे पीरियड के 10वें मिनट में नावांग ज़ंगपो ने आईटीबीपी के लिए बराबरी का गोल दागा। उस समय आईटीबीपी एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद गोल करने में सफल रही, जिससे टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ। तीसरे पीरियड में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, लेकिन त्सेरिंग अंगछुक के दो गोलों ने लद्दाख की जीत सुनिश्चित कर दी।

आज के फिगर स्केटिंग परिणाम (सभी फाइनल)

नोविस गर्ल्स फ्री स्केटिंग:

1.हिया अदलखा (हरियाणा) – 9.55

2.स्टांजिन खांडो (लद्दाख) – 9.11

3.तेंजिन कुंज़िन (लद्दाख) – 8.46

नोविस बॉयज़ फ्री स्केटिंग:

1.आदर्श सिंह रावत (उत्तराखंड) – 10.21

2.कपिश कौशिक (हरियाणा) – 9.73

3.अरुष तिवारी (दिल्ली) – 9.40

एडवांस्ड गर्ल्स शॉर्ट प्रोग्राम:

1.गौरी राय (हरियाणा) – 10.27

2.जेसी राज मथ्रापु (आंध्र प्रदेश) – 8.64

3.चेल्सी सिंह (हरियाणा) – 6.98

एडवांस्ड बॉयज़ शॉर्ट प्रोग्राम:

1.अभिजीत अमल राज (केरल) – 21.80

2.पडिगा तेजेश (तेलंगाना) – 12.76

3.जतिन शेरावत (हरियाणा) – 11.87

आज के आइस हॉकी परिणाम

महिला (ग्रुप बी):

* आईटीबीपी ने हरियाणा को 7–0 से हराया

* हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान को 2–0 से हराया

* चंडीगढ़ ने तेलंगाना को 3–1 से हराया

पुरुष:
* ग्रुप बी: लद्दाख ने आईटीबीपी को 3–1 से हराया




खेलो
इंडिया
LADAKH OMA



